# मेरा कोई ना सहारा | By VIdhi Sharma

मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे
मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

तेरे बिना मेरा है कौन यहाँ
प्रभु तुम्हे छोड़ मैं जाऊं कहाँ
मैं तो आन पड़ा हूँ दर तेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

मैंने जनम लिया जग में आया
तेरी कृपा से यह नर तन पाया
तूने किये उपकार घनेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

नेरे नैना कबसे तरस रहे
सावन भादो है बरस रहे
अब छाये घनघोर अँधेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

प्रभु आ जाओ प्रभु आ जाओ
अब और ना मुझको तरसाओ
काटो जनम मरण के फेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

जिस दिन दुनिया में आया
मैंने पल भर चैन ना पाया
सही कष्ट पे कष्ट घनेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

सच्चा मार्ग मेरा ये छूट गया
मुझे पांच लुटेरों ने लूट लिया
मैंने यातन किये बहुतेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

तुम दीन बंधू हितकारी
हम आये शरण तिहारी
काटो जनम मरण के फेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

विशियों के जाल में फँस कर के
मोह माया के पास में फस कर के
दुःख पाया मैंने प्रभु जी घनेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

हम दीन हीन संसारी
आशा एक नाथ तिहारी

तेरे चरण कमल के चेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

तूने लाखों पापी तारे
नहीं कोई गुण दोष विचारे
खड़ा भिक्षु द्वार पे तेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे
गुरुदेव सांवरिया मेरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-vidhi-sharma/